समाचार
छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना
16 जनवरी से कराई जाएगी बाबा बैजनाथ धाम की तीर्थयात्रा
(30 दिसम्बर तक वरिष्ठ नागरिकों से मंगाए गए आवेदन)

कोरबा 08 दिसम्बर 2017 —छ.ग. मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजनांतर्गत 16 जनवरी 2018 से 18 जनवरी 2018 तक बाबा बैजनाथधाम, बजरंग बली मंदिर, अनुकूल ठाकुरजी का सत्संग मंदिर आदि की तीर्थ यात्राएं निगम क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को कराई जाएंगी, इस हेतु निगम को 90 तीर्थ यात्रियों का लक्ष्य दिया गया है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में निवासरत व यात्रा हेतु पात्र वरिष्ठ नागरिकों से 30 दिसम्बर 2017 तक आवेदन पत्र मंगाए गए हैं।

निगम के समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे ने बताया कि छ.ग. मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को 16 जनवरी 2018 से 18 जनवरी 2018 तक बाबा बैजनाथधाम, बजरंग बली मंदिर, अनुकूल ठाकुरजी का सत्संग मंदिर आदि की तीर्थ यात्रा शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कराई जाएगी। उन्होने बताया कि नगर पालिक निगम कोरबा को इस यात्रा हेतु 90 तीर्थ यात्रियों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, यह तीर्थ यात्रा विशेष ट्रेन से कोरबा से रवाना होगी। उक्त तीर्थ यात्रा में जाने के इच्छुक व पात्र निगम क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से 30 दिसम्बर 2017 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं, वरिष्ठ नागरिकगण अपने आवेदन पत्र नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित समाज कल्याण विभाग में जमा कर सकते हैं।